मुख्यमंत्री ने आम बजट 2026 की खूबियां गिनाईं, कहा- उत्तर प्रदेश को विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे

# इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्रित बजट से यूपी को लाभ: योगी

## खूबियां

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केंद्रीय बजट की यूपी के संदर्भ में खूबियां गिनवाते हुए कहा है कि यह बजट रिफॉर्म, ग्रोथ और फिस्कल डिसिप्लिन का संतुलित दस्तावेज है, जो नए भारत के निर्माण के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। यूपी को एमएसएमई, ओडीओपी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित बजट से यूपी को बड़ा लाभ होगा। योगी ने विश्वास जताया कि आम बजट 2026-27 उत्तर प्रदेश को 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य में अग्रणी भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगा। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि पीडीए सिर्फ बहना है असली लक्ष्य तो परिवारवाद है।



सीएम योगी और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेसवार्ता में बजट की खूबियां बताईं।

## सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बना बजट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा यह बजट किसान, युवा, महिला और गरीब, सभी वर्गों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसके माध्यम से उत्तर प्रदेश की अपेक्षाओं और विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुले हैं।

## यूपी के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

- सेमीकंडक्टर से लेकर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग तक यूपी बन रहा निवेशकों की पहली पसंद
- हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, फ्रेट कॉरिडोर और जलमार्गों से यूपी बनेगा लॉजिस्टिक्स हब
- खेल, स्टार्टअप और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में नई ऊंचाई की ओर उत्तर प्रदेश
- पर्यटन, मेडिकल टूरिज्म और आयुर्वेद से रोजगार के नए द्वार खोलेगा आम बजट
- युवाओं, महिलाओं व किसानों पर फोकस, विकसित भारत के लक्ष्य में होगी यूपी की बड़ी भूमिका
- सेमीकंडक्टर पार्क, डेटा सेंटर और फार्मा हब से बदलेगा यूपी का औद्योगिक परिदृश्य



## डाटा सेंटर हब से यूपी को मिलेगी मजबूती

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को डाटा सेंटर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदम उत्तर प्रदेश को एक नई दिशा देंगे। प्रदेश में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ डाटा सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। अब तक उत्तर प्रदेश में लगभग 700 मेगावाट क्षमता के डाटा सेंटर स्थापित हो चुके हैं और इस सेक्टर में निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है।

**22,000** करोड़ रुपये से प्रदेश में अधिक के निवेश के साथ डाटा सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। अब तक यूपी में लगभग 700 मेगावाट क्षमता के डाटा सेंटर स्थापित हो चुके हैं

## बजट से यूपी को इन योजनाओं में मिलेगा फायदा

- 10 हजार टूरिस्ट गाइड होंगे प्रशिक्षित
- इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में उत्तर प्रदेश की मजबूत स्थिति
- 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए विशेष शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर
- स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा विस्तार, जिला अस्पतालों की क्षमता बढ़ेगी
- हर जनपद में इमरजेंसी-ट्रॉमा सेंटर, 'गोल्डन आवर' में बचेगी जान
- खेल उद्योग और स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा
- आयुर्वेद के क्षेत्र में वाराणसी को मिलेगी राष्ट्रीय पहचान
- डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में उत्तर प्रदेश को मिलेगा बढ़े बजट का सीधा लाभ

**पीडीए केवल बहाना, असली लक्ष्य परिवारवादः** मुख्यमंत्री ने सोमवार को आम बजट 2026-27 को लेकर अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने जो विकास यात्रा तय की है, उसका प्रत्यक्ष लाभ अब जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने पीडीए के नाम पर किए जा रहे राजनीतिक हमलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पीडीए केवल एक बहाना है, जबकि असली लक्ष्य परिवारवाद है। जो लोग आज पीडीए की बातें कर रहे हैं, उनसे यह पूछा जाना चाहिए कि जब वे सत्ता में थे तब देश और प्रदेश के गरीब, युवा, किसान और वंचित वर्ग के आत्मसम्मान और आत्मगौरव की चिंता क्यों नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भी गरीबी थी, समस्याएं थीं, लेकिन तब चर्चा केवल अपने परिवार की होती थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश को एक परिवार मानकर गरीब, नौजवान, महिला और किसान के हित को केंद्र में रखकर काम कर रहे हैं।

**सशक्त भारत की नींव :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में रिफॉर्म, ग्रोथ और वित्तीय अनुशासन तीनों का संतुलित समावेश स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इन तीनों तत्वों को एक सूत्र में पिरोकर यह बजट आने वाली पीढ़ियों को जोड़ते हुए एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन किए जाने को लेकर किए गए सवाल पर कहा कि जेवर एयरपोर्ट के लिए एयरोड्रम का लाइसेंस की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही इसी महीने के अंत में प्रधानमंत्री के कर कमलों से उद्घाटन कराया जाएगा।